व्याख्या – सही सुमेल है –

राजस्थान में जनजाति		**क्षेत्र**
सहरिया	–	बांसवाड़ा
काथोडी	–	मेवाड़
गरासिया	–	आबू रोड
रैबारी	–	मारवाड़

874.जनजाति के खिलाड़ियों को परम्परागत तीरंदाजी में प्रशिक्षण देने हेतु राजस्थान में 'तीरंदाजी खेल अकादमी' की स्थापना की गई है –

(a) उदयपुर में (b) बाँसवाड़ा में
(c) जयपुर में (d) डूँगरपुर में

उत्तर – (a)

RPSC RAS/RTS 2013

व्याख्या – जनजाति के खिलाड़ियों को परम्परागत तीरंदाजी में प्रशिक्षण देने हेतु राजस्थान में 'तीरंदाजी खेल अकादमी' की स्थापना उदयपुर में की गई है।

875.निम्न मानचित्र में राजस्थान के प्रमुख जनजातियों का संकेंद्रण (i), (ii), (iii) एवं (iv) से प्रदर्शित किया गया है। मानचित्र के नीचे दिये गये क्रम में इन्हें पहचानिये तथा उत्तर दीजिये –



(a) सांसी, गरासिया, भील, सहरिया
(b) भील, सांसी, सहरिया, गरासिया
(c) सांसी, सहरिया, भील, गरासिया
(d) गरासिया, सहरिया, सांसी, भील

उत्तर – (c)

RPSC RAS/RTS 2015

व्याख्या – प्रश्नगत मानचित्र में i, ii, iii एवं iv द्वारा क्रमशः सांसी, सहरिया, भील एवं गरासिया जनजातियों के निवास क्षेत्र को प्रदर्शित किया गया है।

(ix) राजस्थान के प्रमुख दुर्ग

876. चित्तौड़गढ़ दुर्ग के प्रथम द्वार 'पाडन पोल' के पास बने चबूतरे पर निम्न में से किसका स्मारक बना हुआ है?

(a) जयमल राठौड़ (b) पत्ता सिसोदिया
(c) कल्ला राठौड़ (d) रावत बाघ सिंह

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-B

Ans. (d) : इतिहासकारों का मानना है कि चित्तौड़गढ़ दुर्ग का निर्माण मौर्य- वंशीय राजा चित्रांगद द्वारा निर्मित करवाया गया था। इस दुर्ग में कुल सात द्वारा है। प्रथम द्वारा 'पाठन पोल' है। इसी के बाहर चबूतरे पर ही रावत बागसिंह का स्मारक बना हुआ है। गुजरात के सुल्तान बहादुरशाह के आक्रमण के समय प्रतापगढ़ के रावत बागसिंह ने मेवाड़ का राज्य चिन्ह धारण कर लड़ते हुए इसी दरवाजे के पास वीरगति को प्राप्त हुए, उन्हीं की स्मृति में यह स्मारक बना हुआ है।

877. गॉगरोन किला राजस्थान के किस जिले में स्थित है?

(a) डूंगरपुर (b) उदयपुर
(c) चित्तौड़गढ़ (d) झालावाड़

RPSC School Lecturer 2020 (14-12-2020)

Ans. (d) : गॉगरोन किला झालावाड़ से कुछ दूरी पर अरावली पर्वतमाला की चट्टान पर कालीसिन्ध और आहू नदियों के संगम पर स्थित है।

878. निम्न में से राजस्थान के किस पहाड़ी किले को यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल में शामिल नहीं किया गया है?

(a) रणथम्भौर किला (b) चित्तौड़गढ़ किला
(c) तारागढ़ किला (d) कुम्भलगढ़ किला

Head Cleark Combined Exam-2018

Ans. (c) : राजस्थान का तारागढ़ किला यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल नहीं है। यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल राजस्थान के 6 किले–
1. रणथम्भौर किला, 2. आमेर किला, 3. जैसलमेर किला
4. चित्तौड़गढ़ किला, 5. गागरोन किला, 6. कुम्भलगढ़ किला

879. किस किले के उत्तरी द्वार का अष्टधातु दरवाजा 1765 में लाल किले से उतार कर लाया गया?

(a) रणथम्भौर (b) लोहागढ़
(c) भटनेर (d) तारागढ़

कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) संयुक्त भर्ती परीक्षा-2020

Ans. (b) – लोहागढ़ दुर्ग के दो विशाल दरवाजे हैं। इसका उत्तरी दरवाजा अष्टधातु का बना है। 1765 ई. में भरतपुर के महाराजा जवाहर सिंह ने दिल्ली के शासक नजीबुद्दौला से वापस लाए थे। यह दुर्ग भरतपुर जिले में स्थित है। इस दुर्ग का आधुनिक निर्माता जाट वंश के कुँवर महाराजा सूरजमल में 19 फरवरी 1733 ई. में करवाया था। यह भारत का एक मात्र अजेरा दुर्ग है। अतः इसे आजमगढ़ दुर्ग भी कहते हैं।

880. बयाना दुर्ग स्थित वारिक विष्णुवर्धन विजय स्तम्भ किस काल का माना जाता हैं?

(a) सल्तनत काल (b) मुगल काल
(c) मौर्य काल (d) गुप्त काल

RPSC RAS (Pre) 2021

Ans. (d) : बयाना दुर्ग स्थित वारिक विष्णुवर्धन विजय स्तम्भ गुप्त काल का है। राजा विष्णुवर्धन द्वारा पुंडरीक यज्ञ के समापन के पश्चात इस प्रस्तर स्तम्भ को बनाया गया था। यह स्तम्भ लाल बलुए पत्थर से निर्मित एकाश्मक स्तम्भ है, जो 13.6 फुट लंबे तथा 9.2 फुट चौड़े चबुतरे पर स्थित है।

881. 'हम्मीर रासो' के अनुसार रणथम्भौर के किले का प्रारम्भिक नाम क्या था?

(a) रणकपुर (b) रणथम्भौर
(c) रणपुर (d) रणस्तम्भपुर

RPSC Prayogshala Sahayak (Vigyan) 28-06-2022

Ans. (d) : रणथम्भौर का किला राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले में स्थित है, जिसका 'हम्मीर रासों' के अनुसार पुराना नाम रण स्तम्भपुर था। जिसका शाब्दिक अर्थ रण के स्तम्भ (पत्थरों) में बसा पुर (दुर्ग)। चौहान शासकों द्वारा इसे बनवाया गया है। नौलखा दरवाजा इस दुर्ग का एक भाग है।